खनन निदेशक राजपाल लेघा को सम्मान मिलने पर जताई खुशी

हल्द्वानी, (पंजाब केसरी): उत्तराखंड के खनन निदेशक राजपाल लेघा को खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंडियंस ऑनरेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर सम्मान से नवाजे जाने पर कुमाऊं स्टोन क्रेशर एसोसिएशन और सितारगंज स्टोन क्रेशर एसोसिएशन ने प्रसन्नता व्यक्त की है। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में खनन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार लाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में राजपाल लेघा का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उनके नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा कई कदम उठाए गए, जिससे प्रदेश की खनन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी हुई है। एसोसिएशन ने बताया कि विभाग में ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण लागू होने से स्टोन क्रेशर उद्योग में व्यापार और राजस्व दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अवैध खनन पर नियंत्रण, प्रक्रियाओं में सुधार और आधुनिक तकनीक के उपयोग से खनन क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं। इससे सरकार को राजस्व के साथ-साथ उद्योग और व्यवसायियों को भी लाभ हुआ है।